हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


11 गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 3 को मनाएंगे, रूपरेखा तैयार





10 टाउनशिप के मार्केट का सालों से नहीं हुआ ...




# मुख्यमंत्री साय ने पालिका अध्यक्ष प्रभा दीदी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन का यह पहला सोमवार बेमेतरा शहर के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण लेकर आया। नगर की प्रथम महिला नगर पालिका अध्यक्ष रहीं और 'प्रभा दीदी' के नाम से जानी जाने वाली प्रभा निर्वाणी को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया।

यह सम्मान उन्हें 70 वर्ष की उम्र में एक नया उद्योग स्थापित कर उसे सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए प्रदान किया गया – जो अपने आप में पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह सम्मान अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के दौरान एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस गरिमामय अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे।

साथ ही साथ, वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध भगवता चार्य कार्तिक कृष्ण गोस्वामी महाराज, भगवताचार्य नारायण महाराज, नर्मदा कुंड के महंत सुरेन्द्र दास व नंदकिशोर दास, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, यू.के. स्वामी, प्रदेश अध्यक्ष राकेश वैष्णव, राघवेन्द्र दास, एवं लोरमी की छोटी रानी अंजना दास की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को और भी आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

## 70 वर्ष की आयु में एक नया उद्योग संचालित करने के लिए किया सम्मान

### सम्मान से भावविभोर हुईं प्रभा निर्वाणी

उन्होंने कहा कि "यह सम्मान मेरी नहीं, बेमेतरा की धरती की उपलब्धि है। मैं इसी नगर की बेटी हूं और इस नगर ने मुझे हमेशा परिवार जैसा स्नेह दिया है। चाहे राजनीति हो या उद्योग, मेरी हर सफलता की नींव मेरे नगरवासियों का प्रेम और विश्वास रहा है। मेरे लिए मेरा नगर ही मेरा वृंदावन है।"इस समारोह में देशभर से वैष्णव ब्राह्मण समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित हुए, जिन्होंने प्रभा दीदी के इस सम्मान को नारी उत्थान और सामाजिक सेवा के युगांतकारी प्रतीक के रूप में देखा सम्मान समारोह कार्यक्रम के आभार प्रदर्शन कर रहे छुईखदान के छोटे राजा लाल जे के वैष्णव ने कहा कि प्रभा दीदी की कहानी सिर्फ एक सम्मान की नहीं, वह एक समर्पण, संघर्ष और संकल्प की गाथा है – जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगी कि उम्र कभी भी ऊँचाइयों को छूने की सीमा नहीं बन सकती।

### महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं

"जब अधिकतर लोग उम्र के इस पड़ाव पर विश्राम की कामना करते हैं, तब प्रभा निर्वाणी जी ने न केवल नया उद्योग आरंभ किया, बल्कि उसे एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। वे नारी शक्ति की जीवंत मिसाल हैं और आज के युवाओं और महिलाओं दोनों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।" इस आयोजन में प्रभा निर्वाणी की पुत्रवधू एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रज्ञा निर्वाणी भी साथ रहीं, जो अपनी सासू माँ की सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान करती हैं,उसे आगे बढ़ा रही हैं ।


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 182 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 14 जुलाई 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 181.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 259.3 मि.मी. तथा न्यूनतम 83 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 142.3 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 210.2 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 190.1 मि.मी., देवकर तहसील में 179 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 245.8 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 138.5 मि.मी. एवं साजा तहसील में 187 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### कामिनी महिलांग ने बेमेतरा बीईओ का चार्ज लिया



**बेमेतरा।** नवागढ़ विकासखंड में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रही कामिनी महिलांग ने आज जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कार्यालय आकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ बेमेतरा का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने उनका गुलदस्ते देकर बधाई दी और उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दिये। गौरतलब है कि कामिनी महिलांग इससे पहले सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ के पद पर कार्यरत रही। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उनका स्वागत करने वालों में भूपेंद्र कुमार साहू, सुरेश बंजारे प्रधान पाठक तोरा, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे प्रधान पाठक बैजी, अनिल जांगड़े प्रधान पाठक हाथा डाडु, पचकौड़ दास बंजारे शिक्षक लावातरा, अजीत कुमार बघेल संकुल समन्वयक मोंहरेगा, संकुल समन्वयक पूनम साहू, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक सिंघौरी, सुखनंदन अनंत संकुल समन्वयक पिकरी, दिग्विजय घृतलहरे संकुल समन्वयक बावा मोहतर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पर्व

### श्रद्धालुओं ने महादेव की पूजा अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

# सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव व बारिश में की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन मास का आरंभ होते ही जिलेभर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का वातावरण बन गया है। सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास रखकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और घर-घर पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विशेष पूजा-अर्चना की।

शहर के प्रमुख शिवालयों में सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। भोर बेला में मंत्रोच्चार और घंटियों की ध्वनि से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, बेलपत्र, आक, धतूरा और गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। पूरे दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ बनी रही।





### घर-घर बनाए गए पार्थिव शिवलिंग

सावन के सोमवार को लेकर लोगों में इतनी आस्था रही कि गांवों से लेकर शहर तक कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में गंगा मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजा की। महिलाओं ने समूह में एकत्र होकर शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र और शिव तांडव स्तोत्र का पाठ किया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## शिवलिंग की स्थापना कर गोमची में किया रुद्राभिषेक



**बेमेतरा।** ग्राम गोमची स्थित माँ गोदावरी आनंद वन में सावन मास के पहले सोमवार को शिवलिंग स्थापना व रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन की अगुवाई जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने परिजनों के साथ की। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग स्थापना के पश्चात रुद्राभिषेक व सामूहिक आरती हुई। माँ गोदावरी आनंद वन में निवासरत सभी बुजुर्गों ने भी आयोजन में भाग लिया और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। इस अवसर पर श्रीमती तिवारी ने कहा कि सावन सेवा और संस्कार से जुड़ने का अवसर है। माँ गोदावरी आनंद वन केवल एक आश्रम नहीं, बल्कि एक परिवार है जहां हर पर्व आध्यात्मिक उत्सव बन जाता है। कार्यक्रम में भजन, आरती, प्रसाद वितरण और सामाजिक सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला। डॉ. सीपी सेन, संगीता सेन, होरीलाल तिवारी, हमेश्वर दुबे, सुशील तिवारी, सुरेश, शांतिलाल जैन, सकलदेव, चंद्रहास, पूनम, विनय शर्मा, नर्मदा, दिलीप सहित अन्य सेवा भावी व बुजुर्गजन।

# 90 प्रतिशत से अधिक किसान संतुलित उर्वरक से लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़

■ सेवा सहकारी समिति नवागढ़ ने की मिसाल कायम

सेवा सहकारी समिति नवागढ़ ने खरीफ सीजन में समिति से जुड़े 1905 केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) धारक कृषकों में से 1720 कृषक बंधुओं ने संतुलित उर्वरकों का उठाव कर लाभ प्राप्त किया है, जो कुल कृषकों का 90 प्रतिशत से भी अधिक है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन और समिति की सतत प्रेरणा के फलस्वरूप किसानों ने यूरिया, डीएपी, एसएसपी, पोटाश और एनपीके जैसे संतुलित उर्वरकों का समुचित उपयोग किया। इस दौरान किसानों द्वारा कुल 795.38 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया, जिसके अंतर्गत यूरिया 366.38 मीट्रिक टन, डीएपी 65 मीट्रिक टन, एसएसपी 100 मीट्रिक टन, पोटाश 76 मीट्रिक टन, एनपीके 188 मीट्रिक टन शामिल हैं । सिर्फ उर्वरक ही नहीं, बल्कि किसानों ने उच्च गुणवत्ता ▶▶| शेष पेज 11 पर

# डेयरी टेक्नोलॉजी डिप्लोमा कोर्स में 12वीं पास को मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छ.ग. शासन एवं दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय द्वारा जिले के ग्राम चोरभट्ठी में गत चार वर्षों से संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 12 वीं अंको के मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की गई हैं। यह निर्णय जिले के उन विद्यार्थी के भविष्य को लेकर किया गया है जिनके पास गणित एवं बायोलॉजी विषय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात तकनीकी शिक्षा के समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं होते।

उल्लेखनीय है कि चोरभट्ठी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) पाठ्यक्रम में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे डेयरी उद्योग के लिये सक्षम युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है एवं महाविद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्राओं के लिये नौकरी एवं व्यवसाय के बहुविकल्प उपलब्ध रहते है जिससे एक ओर जिले एवं प्रदेश के विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से उपलब्ध होता है तथा दूसरी ओर प्रदेश में स्थापित शासकीय, अर्ध शासकीय एवं निजी डेयरी संस्थाओं की अन्य प्रदेशों के सक्षम युवाओं पर निर्भरता कम होती है। अभी संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ है और 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विषेष रूप से गणित एवं बॉयोलॉजी विषय के विद्यार्थियों के लिये डेयरी सेक्टर में अपना भविष्य सुनिश्चित करने का यह सुनहरा अवसर है।

# हजारों किसान प्रधानमंत्री सम्मान निधि से हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन, प्रशासन पर लगाया निष्क्रियता का आरोप

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जिले सहित प्रदेश के कई हजार किसान अब भी वंचित हैं। इसको लेकर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव दाऊ राम चौहान ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर योजना में सुधार की मांग की है।

चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम किसान योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की सहायता राशि मिलती है, लेकिन बेमेतरा और छत्तीसगढ़ के हजारों पात्र किसान अब भी इससे वंचित हैं। इसके पीछे आधार-बैंक खाता त्रुटियां, पंचायत स्तर पर सत्यापन में देरी, पटवारियों की लापरवाही और तकनीकी गड़बड़ियों को जिम्मेदार बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर पुनः सर्वे, पात्र किसानों की सूची पोर्टल पर अपलोड करने, लंबित प्रकरणों की समीक्षा और पंचायतों में जागरूकता शिविर आयोजित करने की मांग की। इस दौरान चौहान ने चेतावनी दी कि यदि किसानों को शीघ्र लाभ नहीं मिला तो शिवसेना आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला प्रमुख गिरवर रजक, उप प्रमुख रामचरण वर्मा, महासचिव डोमेंद्र राजपूत, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत, सचिव सुनील सेन, विधानसभा प्रमुख नारायण साहू, ब्लॉक प्रमुख कुलदीप आदिल, छविराम यादव, दुखित वर्मा, वीरू चौहान, रमेश रात्रे, रोहित यादव, सनत रात्रे, दानी यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






## सभी का एक दिन का वेतन कटा जाएगा, सर्विस बुक में भी होगी इंट्री

# राज्यपाल गोद ग्राम टेमरी स्कूल में प्राचार्य सहित स्टाफ की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिला शिक्षा अधिकारी ने किया टेमरी स्कूल का निरीक्षण



जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी विकासखंड नवागढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिले के अंतिम छोर पर बसे हुए नवागढ़ विकासखंड के इस टेमरी ग्राम को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका ने गोद लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के निरीक्षण के दौरान प्रार्थना हो रही थी। लेकिन प्रार्थना के समय अधिकांश बच्चे स्कूल केंपस के बाहर खेल रहे थे। तथा प्रार्थना में सम्मिलित नहीं थे। जिला शिक्षा अधिकारी के पहुंचने के बाद उन्हें बुलाकर सभी बच्चों को प्रार्थना में उपस्थित होने के लिए समझाया गया। प्रार्थना का समय सभी विद्यालयों में 9:45 से 10:00 तक का निर्धारित है तथा 10:00 से कक्षाएं प्रारंभ किया जाना है। इसके बावजूद प्रार्थना के समय में ना तो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य, ना पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक और नहीं, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रार्थना के समय में तीनों विद्यालय के संस्था प्रमुख अनुपस्थित रहे। जो उनकी गंभीर गैर जिम्मेदाराना और लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लापरवाही

जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भारत लाल साहू अनुपस्थित रहे। साथ ही पंचराम साहू व्याख्याता हिंदी, मनीष सिंह ठाकुर व्याख्याता अंग्रेजी, नरेंद्र सिंह वर्मा व्याख्याता भौतिक शास्त्र, नीलम शुक्ला व्यायाम शिक्षक, भूपेंद्र कुमार साहू सहायक ग्रेड 3, संतोष कुमार यादव भृत्य, वर्षा नायक सहायक शिक्षक विज्ञान, नीतू श्रीवास्तव सहायक शिक्षक विज्ञान अनुपस्थित पाए गए। जबकि दिनेश सिंह चौहान व्याख्याता अंग्रेजी 2 जुलाई से लगातार आकस्मिक अवकाश पर हैं। इसी प्रकार निशा महंत व्याख्याता संस्कृत 7 जुलाई से संतान पालन अवकाश ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### जमानत कराने के नाम पर ठगी, निगरानीशुदा बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई।** जमानत कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम रवेली थाना पाटन निवासी नंदन यादव ने पुलिस में शिकायत किया। जिसमें निगरानी बदमाश ग्राम देवार वार्ड 6 निवासी संजू वैष्णव ने पीड़िता का बेटा ओमप्रकाश यादव केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। उसका जमानत कराने का झांसा देकर संजू पैसा पट्टा साथ में लेकर गया। एक्टीवा वाहन सीजी-07-सीक्यू-4737 को आरोपी संजू वैष्णव चलाते दुर्ग ले गया। नोटरी कार्यालय दुर्ग में स्टैण्ड में वाहन को खड़ी करने का झांसा दिया। नगदी रकम 1500 रुपये, मोबाईल भी लेकर फरार हो गया। प्रकरण में आरोपी संजू वैष्णव पाटन थाना का निगरानी बदमाश है। जो केन्द्रीय जेल दुर्ग में सजा काट रहा है और पैरोल पर अपने घर ग्राम देवादा आया था। पैरोल का तिथि पूर्ण होने के बाद केन्द्रीय जेल वापस न जाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। थाना प्रभारी पाटन अनिल कुमार साहू , सायबर सेल ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर संजू वैष्णव ग्राम देमार रास्ता में घूमते पकड़ा गया। आरोपी से 800 रुपये नगदी,एक्टीवा वाहन को जब्त किया है। आरोपी न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### ट्रेनीज को जल्द मिलेगा नान फाइनेंशियल अवार्डः इंटक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ट्रेनीज कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। उन्हें जल्द ही नांन फाइनेंशियल अवार्ड दे दिया जाएगा। इससे बीएसपी से ट्रेनीज के नौकरी छोड़कर जाने का सिलसिला थम जाएगा।
इस आशय का आश्वासन बीएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी द्वारा स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों को दिया गया है। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने यह अवार्ड देने की मांग जीएम संजीव श्रीवास्तव से की थी।स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक का प्रतिनिधि मंडल एचआरडीसी के महाप्रबंधक एचआरडीसी प्रभारी संजीव श्रीवास्तव से मुलाकात कर 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक एचआरडीसी में रहे ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड देने की इंटक की मांग पर चर्चा किया । यूनियन के जीएस व एनजेसीएस सदस्य वीबी सिंह ने बताया कि जीएम ने भरोसा दिलया कि प्रक्रिया चल रही है 15 अगस्त से पहले सभी 133 ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड दे दिया जाएगा । यूनियन ने ईडी से एचआरडीसी में 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक ट्रेनीज रहे कर्मचारियों को नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द अवार्ड की मांग की थी। चर्चा के दौरान यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि उप महासचिव धनेश प्रसाद एवं शिव शंकर सिंह उपस्थित थे ।

# संडे बाजार में पहुंची ट्रैफिक पुलिस, दर्जनों वाहनों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## दो और चार पहिया वाहनों पर हुई कार्रवाई

**खास बातें**

- क्रेन से टांगकर वाहनों को ट्रैफिक टावर लाया
- लोगों को आने-जाने में हो रही थी परेशानी
- घड़ी चौक पर भी बेतरतीब वाहन हटाए




ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को सुपेला संडे मार्केट में अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि वाहन चालकों ने चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला किया गया। वाहन मालिको के सामने नहीं आने पर दर्जन भर से अधिक दो पहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर ट्रेलर में रख ट्रैफिक टावर संडे बाजार सुपेला से लाया गया। कई चार पहिया वाहनों पर चालान की प्रति चस्पा भी की गई। सुपेला चौक से गदा चौक की सड़क पर लगने वाले संडे मार्केट में एक बार ट्रैफिक पुलिस की सख्ती देखने को मिली। सुबह 10 बजे के आसपास एसएसपी विजय अग्रवाल और एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा के निर्देश पर ट्रैफिक टीआई मनीष शर्मा दल बल के साथ संडे मार्केट पहुंचे। जहां पार्किंग के लिए खींची गई सीमा रेखा के बाहर खड़े दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के खिलाफ जमकर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस की सख्ती को देख नो पार्किंग में खड़े वाहन पर खरीददारी कर रहे लोगों में हड़कंप मच गई। दरअसल, सुपेला में हर रविवार को घड़ी चौक से गदा चौक की ओर गुजरने वाली सड़क पर मार्केट लगता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्केट की वजह से सड़क पर आवाजाही बाधित न हो। इसके लिए दोनों ओर वाहन पार्किंग के लिए एक दायरा तय कर सीमांकन किया गया है। बावजूद इसके अनेक वाहन चालक पार्किंग के दायरे से बाहर अपने वाहनों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे थे। लिहाजा सीधे आने जाने वाले वाहन चालकों को बेवजह जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था।

### कहीं गड्ढों में सड़कें तो कहीं गंदगी बजबजा रही

# टाउनशिप के मार्केट का सालों से नहीं हुआ मेंटनेंस, व्यापारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, जलजमाव, दुकानों में भरता है पानी





टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में वर्षों पूर्व बनी मार्केट मेंटेनेंस के अभाव में जर्जर होती जा रही है। लंबे अर्से से अधिकतर मार्केट में संधारण का काम नहीं किया गाय है। इससे न सिर्फ व्यापारी बल्कि लोगों को भी परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में ये परेशानी और बढ़ गई है। व्यवसायियों ने बीएसपी प्रशासन से बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के निर्माण के समय ही सभी सेक्टरों में लोगों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त मार्केट बनाई गई थी। बड़े सेक्टर में तो तीन-तीन मार्केट तैयार की गई। यहां बनी दुकानों को कई साल पहले व्यापारियों को दिया गया था। सेक्टर 1 से लेकर सेकटर 10 और रिसाली, मरोदो व रुआबांधा सेक्टर की बात करें तो बीएसपी ने यहां 25 अलग अलग मार्केट का निर्माण किया है। इन बाजारों में पार्किंग से लेकर प्रशाधन तक सभी सुविधाएं मुहैय्या कराई गई थीं। पिछले कुछ साल से सभी बुनियादी सुविधाएं बदहाल हो गई हैं। बरसात के मौसम समस्या और बढ़ गई है। इसके चलते व्यापारियों के साथ खरीदारों को भी चौतरफा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सफाई, सड़कें, जलभराव, प्रसाधन, पेयजल आदि नागरिक सहूलियतें बदतर हो गई हैं। व्यवसायियों ने बताया कि कई बार बीएसपी से शिकायत के बाद भी मेंटेनेंस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके द्वारा हर साल लाखों रुपए टैक्स व रेंट दिया जा रहा है, लेकिन जो सुविधा देने का वादा किया गया था वो नहीं दी जा रही हैं। बारिश के मौसम में जल भराव इतना अधिक हो जाता है कि पानी दुकानों के अंदर तक घुस जाता है। पीने का पानी साफ नहीं आता तो घर से पानी लेकर आना पड़ता है। अधिकतर बाजारों की हालत यह है कि वहां टायलेट कंडम होने से उसमें गंदगी बजबजा रही है। इससे सबसे ज्यादा असुविधा महिलाओं को रही है।

### सेक्टर 6 मार्केट की बाउंड्री टूटी, सी मार्केट में भरता है पानी

टाउनशिप के सबसे बड़े सेक्टर 6 के सबसे बड़े बाजार ए मार्केट की सबसे अधिक बदहाल स्थिति है। मार्केट परिसर की सड़कें इतनी जर्जर हैं कि वहां दोपहिया वाहन तक चलाने में परेशानी हो रही है। पानी भराव के चलते पैदल चलना मुश्किल है। जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। व्यवसायियों ने बताया कि सफाई कर्मी यहां का सारा कचरा पुलिया व पीछे साइड छोड़ कर चले जाते हैं। इससे बारिश में सड़कर इससे बदबू आती है। मार्केट की बाउंड्रीवाल पांच साल से टूटी हुई है, जिसके चलते आवारा मवेशी मार्केट के अंदर घुस कर लोगों का नुकसान करते हैं। इसी तरह सी मार्केट आटो मैकेनिक लाइन और चिकन मटन लाइन की रोड भी जर्जर है। मैकेनिक लाइन के किनारे गंदे नाले का पानी दुकानों में भर जाता है। सेक्टर के सौ से अधिक ब्लाक टूटने के बाद ए मार्केट का व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### जोनल मार्केट से अफसर भी परेशान

टाउनशिप की आफिसर कालोनी सेक्टर 10 के जोनल मार्केट में समस्या बढ़ने से व्यवसायी ही नहीं बल्कि खरीदी करने आने वाले बीएसपी अधिकारी और परिजनों की भी दिक्कतें हो रही हैं। इसके बाद भी सालों पुराने मार्केट को अपडेट नहीं किया जा रहा है। व्यवसायियों ने बताया कि दिल्ली के कनाट प्लेस के डिजाइन में बनाया गया यह सर्वसुविधायुक्त मार्केट नियमित मेंटेनेंस नहीं होने से अपना मूल स्वरूप खो चुका है। काफीहाउस रोड, मेडिकल रोड व कार मेकेनिक रोड सभी गड्ढों से युक्त हैं। सीवेज का पानी दुकानों के सामने बहने व जगह जगह कचरे से बदबू व गंदगी है। सड़कों पर बेतरतीब गाड़ियों से शाम को जाम व आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# निगम कर्मचारियों ने लिया विरोध वापस

### सीएम साय ने दिया मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगरी निकाय कर्मचारियों ने विरोध वापस ले लिया है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जल्द पूर्ण करने के आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया। पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में कर्मी काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे।

### इन मांगों को लेकर हो रहा था प्रदर्शन

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे थी। जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने, और समय पद पदोन्नति प्रदान करना शामिल है।

### इन प्रतिनिधि मंडल से हुई चर्चा

संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर, और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

# हॉस्पिटल सेक्टर के अनफिट आवासों को जमींदोज किए जाने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- हाई कोर्ट ने नौ साल पुराना स्टे आर्डर किया रद्द



उच्च न्यायालय बिलासपुर ने हॉस्पिटल सेक्टर में भिलाई इस्पात संयंत्र के अनफिट आवासों को गिराने पर 8 साल का स्थगनादेश हटा दिया है। कोर्ट ने सम्पदा न्यायालय को मामले को 6 महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया है। इस मामले में 302 याचिकाकर्ता थे। ये सभी अनधिकृत कब्जाधारी पिछले 8 साल से मुफ्त बिजली और पानी का उपयोग कर रहे थे।

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में बीएसपी के पक्ष में हास्पिटल सेक्टर के रहवासी कब्जाधारियों के स्टे को रद्द कर दिया है। मामले में बीएसपी के संपदा न्यायालय को छह महीने के अंदर निपटाने का आदेश दिया है। यहां अनफिट ब्लाकों में 666 आवासों अनधिकृत रूप से कब्जा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2016 में बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग के तोड़ दस्ते ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में भारी लावलश्कर के साथ सेक्टर 9 हास्पिटल की पीछे हुडको के निकटस्थ हास्पिटल सेक्टर में बीएसपी आवासों मे रहे अवैध कब्जाधारियों को हटाने बेदखली कार्रवाई की थी। लेकिन रहवासियों ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ इस कार्रवाई का जबरदस्त विरोध किया था। सैकड़ों रहवासी बुलडोजरों के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किए थे। व्यापक विरोध और कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होते देख बेदखली कार्रवाई रद्द करनी पड़ी थी। इस दौरान अनधिकृत रूप से रह रहे कब्जाधारियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राहत की गुहारी लगाई थी। रिट में रहवासियों ने रिटायर बीएसपी कर्मियों व परिजनों, मजदूर, अटेंडेंस व झाड़ू पोंछा लगाने आदि गरीब तबके का होने का हवाला देते हुए मदद की अपील की थी। कोर्ट ने 2016 में इन अनधिकृत रूप से रह रहे लोगों के पक्ष में स्टे दिया था।

### दस साल पूर्व अनफिट घोषित हो गए थे मकान

हास्पिटल सेक्टर के 33 बीएसपी आवासीय ब्लाकों में आज भी लोग कब्जा कर रह रहे हैं। यहां 666 मकान हैं। साठ के दशक में बने सभी आवास जर्जर हो चुके हैं। इसे देखते हुए बीएसपी ने वर्ष 2013 में इन्हे सुरक्षा की दृष्टि से अनफिट घोषित कर दिया था। जर्जर होने से हादसे और बिजली पानी के रूप में नुकसान को देखते हुए बीएसपी ने 9 साल पूर्व आवासों में बेदखली कार्रवाई शुरू की थी। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक अब स्टे रद्द होने से आगे इन ब्लाकों को जमींदोज किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है।

# 18 मेडल के साथ तीरंदाजों ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्तर सबसे बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजनांदगांव



राजनांदगांव के राह तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने 18 मेडल जीतकर बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत अन्य ने बधाई दी है।

राजनांदगांव जिले के राह तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने नया कीर्तिमान रचा है। खिलाड़ियों ने सीबीएसई स्कूल आर्चरी चैंपियनशिप में 18 मेडल जीतकर इतिहास बनाया है। चटर्जी नोबल स्कूल कोलकाता वेस्ट बंगाल में हुए चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में बड़ी उपलब्धि मिली है। वहीं इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, आईजी अभिषेक शाडिल्य, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा एसपी मोहित गर्ग समेत अन्य ने बधाई दी है।

### खिलाड़ियों को प्रोटीन हाइट

इस साल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर एक महीने तक स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन ने रक्षित आरक्षित केंद्र पुलिस लाइन में रखा था। जिसमें आईबी ग्रुप और जिला पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र साथ नक्सल प्रभावित इलाके से आए बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आईबी ग्रुप की तरफ से एमडी बहादुर अली प्रशिक्षण शिविर में आए 80 से अधिक बच्चों को प्रोटीन डाइट और अत्याधिक खेल उपकरण उपलब्ध कराए गए थे।

### पहली बार जिले को राष्ट्रीय स्तर उपलब्धि

अब तक की तीरंदाजी में एक ही प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मेडल और चैंपियनशिप जीतने का रिकॉर्ड भी राह तीरंदाजी के खिलाड़ी ने रिकॉर्ड बनाया है। इनके पीछे इनके कोच वनिता साहू, हीरु साहू और अजेंद्र टाडेकर की मेहनत का परिणाम है।

### चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में लगा स्वास्थ्य शिविर

# मधुमेह मरीजों को बताए स्वस्थ रहने के गुर, पौष्टिक आहार देने सलाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की टीम भिलाई सहित दुर्ग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। इसके अंतर्गत जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमा सहयोगी मरीजों उपचार कर लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड पाटन के शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

### बीपी, डायबिटीज व नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग

बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि शिविर में कुल 96 लोगों का पंजीकरण किया गया उच्च रक्तचाप ओर डायबिटीज टाइप-2 और नवजात शिशुओं की विशेष स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 6 मरीज उच्च रक्तचाप और 10 मरीज टाइट 2 डाइबिटीज के मरीज मिले हैं। नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग में माताओं को बच्चों को स्तनपान के बाद बच्चों को डकार दिलाने की विधि बताई गई।



### वायरल फीवर के मिले मरीज

डॉ. ए एल बेंजामिन ने बताया कि बच्चों में चर्म रोग और बुखार सर्दी-जुकाम वायरल फीवर के मरीज मिले। जिसके लिए दवा देकर साफ सफाई और ताजा भोजन करने और स्वाद अनुसार व्यंजन बनाकर बच्चों को देने बताया गया ताकि बच्चों को बाहरी बिकने वाली चीजें से बचाए जा सके।

### माताओं से कहा-हलवा उपमा, खीर दें बच्चों को

माताओं को बताया कि सूजी के अलग-अलग व्यंजन में हलवा,उपमा,खीर बनाकर अलग-अलग दिन दें, जिससे बच्चों में खानपान के प्रति रुचि बनी रहे। उसी तरह अन्य साग सब्जी और बेसन को अलग-अलग स्वरूप में बनाकर देने से बच्चों में रुचि रहेगी। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि महिला और पुरुष रोग में कमर दर्द और कमजोरी एनीमिया सामान्य रूप से मिले हैं। जिसका प्रमुख कारण कुपोषण , अच्छा पौष्टिक आहार की कमी है। चर्म रोग को लेकर वर्षा ऋतु में नमी ओर गीलेपन से बचाव जरूरी है।

### फंगल इंफेक्शन से ऐसे करें बचाव, तालाब में नहाने से बचें

डॉ. ने बताया कि कपड़े सुखा कर और प्रेस करके पहने जिससे फंगल इंफेक्शन से बचाव हो सकता है। इस समय फंगल इंफेक्शन व्यापक रूप ले रहा है। तालाब के पानी में नहाने से बचना चाहिए। डॉ बेंजामिन ने कहा स्वच्छता को हर स्तर पर अपनाए ताजा भोजन करें, प्रतिदिन स्नान करे बच्चों में व्यावहारिक स्वच्छता जरूर सीखना चाहिए। शिविर में फार्मासिस्ट सोशन जेकब, नर्सिंग सिस्टर प्रभा सेमवाल, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-3, सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही आर विश्वास देवबलौदा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका देविला चंद्राकर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कुमेश साहू और रजिस्ट्रेशन में मंसूर अली ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।

# अटल परिसर में वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना की तैयारी पूरी



**साजा।** तहसील कार्यालय के सामने नगर पंचायत द्वारा बनाये गये अटल परिसर में अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा आज शहर पहुंची शहर में जल्द इसकी स्थापना कर दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

## कुम्हारी नगरपालिका को मिलेगा पुरस्कार

**कुम्हारी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। बता दें कि राज्य के 7 नगरीय निकायों का चयन स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया है। जिसमें कुम्हारी नगरपालिका परिषद का नाम उल्लेखनीय है। चयनित सभी निकायों को आगामी 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार के आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे। पुरस्कार लेने के लिए नगर पालिका परिषद कुम्हारी की अध्यक्ष मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर सहित दो अन्य अधिकारी शीघ्र दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

बैठक

### तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ की जिला इकाई हुई बैठक

# गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 3 को मनाएंगे, रूपरेखा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ जिला इकाई बेमेतरा की बैठक श्रीराम मंदिर परिसर में हुई जिसमें एक दिवसीय जिला स्तरीय संत गोस्वामी तुलसीदास महाराज की 528 वां जन्मोत्सव आगामी 3 अगस्त श्रीराम मंदिर प्रांगण में भव्य रूप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वही तुलसी मानस प्रतिष्ठान के आजीवन सभी सदस्य का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा । स्वागत समिति के तहसील बेमेतरा प्रभारी देवराम साहू, साजा तुलाराम साहू शिक्षक, बेरला पंचराम यादव एवं नवागढ़ तहसील अशोक कुमार साहू शिक्षक को बनाया गया।

■ तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सभी आजीवन सदस्यों किया जाएगा

मंच संचालन समिति में डॉ रिझन सिंह सेन, मेहतरू राम ध्रुव शिक्षक, तुलाराम साहू शिक्षक, रामकुमार साहू, दालचंद साहू शिक्षक, अनिल रजक, संगीत प्रभारी में पंचराम यादव संतोष साहू, अगम दास मानिकपुरी, रमऊ चक्रधारी, श्रीमती दुर्गेश्वरी गोस्वामी, नोहर दास मानिकपुरी, लेखन प्रभारी दिनेन्द्र साहू,दालचंद साहू, अशोक कुमार साहू एवं धनाजी लाल निषाद को बनाया गया, उद्बोधन कर्ता में घनश्याम सिंह ठाकुर, थम्हन दास अस्तूरे, ठोकेलाल देवांगन, विनोद साहू एवं भोजन प्रभारी पं. हेमंत त्रिपाठी, देवराम साहू एवं फेरू राम साहू को बनाया गया। उक्त बैठक में अनेक मानस मंडलियों ने आजीवन सदस्य ग्रहण किया।



#### शामिल हुए

बैठक में जिला संरक्षक हरिदास महाराज घोटवानी, संरक्षक घनश्याम सिंह ठाकुर ,थम्हन दास गंधर्व, मेहतरू राम ध्रुव मटका, संरक्षक डॉ रिझन सिंह सेन, जिला अध्यक्ष अनिल रजक, जिला उपाध्यक्ष कौशल सिन्हा नरी, जिला सचिव रामकुमार साहू घोटवानी, साजा तहसील संरक्षक तुलाराम साहू, साजा तहसील उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा डोंगीतराई , बेरला तहसील अध्यक्ष पंचराम यादव , बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू पूर्व पार्षद, कोषाध्यक्ष धनाजी लाल निषाद,जय मां शीतला मानस मंडली नयापारा भिलौरी के सदस्य बलदेव साहू, जयलाल साहू, जगन्नाथ साहू, दालचंद साहू , टेकराम साहू शिक्षक, रमऊ चक्रधारी खंडसरा, राजाराम साहू, सतकुमार साहू, अशोक साहू सेमरिया, रोहित साहू सनकपाट, आजू राम साहू कोसा,टोपसिंह साहू मरतरा, नरोत्तम लाल साहू शिक्षक, जनक राम साहू, फेरू राम साहू, कौशल कुमार शर्मा, पं. शिव कुमार पाठक , पं. रामजी पाठक,पं.नारायण पाठक, विनोद साहू, लोकनाथ साहू, टीकाराम साहू, धर्मिन साहू, श्रीराम जानकी मानस मंडली सदस्य संतोष साहू, अगम दास मानिकपुरी, नोहर दास मानिकपुरी एवं पुरानिक निर्मलकर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सब इंजीनियर मोटवानी को पदोन्नत पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत में पदस्थ संजय मोटवानी सब इंजीनियर से सहायक इंजीनियर के पद पर प्रमोशन के चलते पखवाड़े भर पहले नगर पालिका परिषद गरियाबंद मे तबादला हुआ था।

जिसकी विदाई एवम बधाई का आयोजन नगर पंचायत के सभाकक्ष में रखा गया, इस अवसर पर पार्षद गण ने कहा कि वार्ड के विकास एवम मूलभूत सुविधाओं को लेकर हमेशा मार्गदर्शन सब इंजीनियर के द्वारा हमे मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने कहा कि कुछ विषयों में मतभेद हो जाता था लेकिन इसके बावजूद भी हमेशा नगर के विकास को लेकर चर्चा होती थी जिससे हमे नगर प्रबंधन के विषय पर नई जानकारी प्राप्त होती थी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा की सब इंजीनियर का अल्प कार्यकाल रहा एक अच्छी टीम भावना के साथ नगर के समुचित विकास में योगदान दिया। सीएमओ केशराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने शाल श्रीफल एवम गुलदस्ता भेंट कर विदाई एवम पदोन्नति पर बधाई दी। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, पार्षदगण कर्मचारी गण एवम मीडिया साथी भी उपस्थित थे।

### घर-घर बनाए गए ...

भजन-कीर्तन और रुद्राभिषेक का आयोजन कई शिव मंदिरों में भजन मंडलियों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। शिव चौक मंदिर में संध्या आरती के साथ ही विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन का सोमवार भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और इस दिन की पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।
**युवाओं में भी दिखा उत्साह**: महिलाओं और वृद्धों के साथ-साथ युवाओं में भी सावन के पहले सोमवार को लेकर गहरी आस्था देखने को मिली। कई युवक समूह में /"बोल बम/" के नारों के साथ मंदिरों तक पहुंचे। कुछ स्थानों पर कांवड़ यात्राएं भी की गईं, जहां श्रद्धालु पास के जलस्रोतों से जल भरकर शिवालयों में अर्पित करने पहुंचे।

### 90 प्रतिशत से अधिक ...

वाले प्रमाणित बीजों का भी उठाव किया, जिनमें धान स्वर्णा के 210 क्विंटल एवं महामाया प्रजाति के 150 क्विंटल बीज शामिल हैं। इससे कृषक अपने खेतों में गुणवत्तापूर्ण और लाभकारी खेती कर पा रहे हैं। यह उल्लेखनीय है की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ भी क्षेत्रीय किसानों को मिला है। शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद, बीज और नगद ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति नवागढ़ के माध्यम से अब तक 4.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को वितरित की जा चुकी है, जिससे खेती-किसानी का कार्य निर्बाध रूप से चल रहा है। सेवा सहकारी समिति नवागढ़ में कार्यरत कर्मचारी मनोज पुरबिया ने जानकारी दी कि कृषि विभाग के निर्देशन में किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग हेतु लगातार जागरूक किया गया। डीएपी की उपलब्धता सीमित होने पर उसके विकल्प के रूप में एसएसपी, यूरिया, पोटाश एवं एनपीके का महत्व बताया गया। इसका सकारात्मक असर देखने को मिला और कृषकों ने विकल्पों का प्रभावी उपयोग करते हुए लक्ष्य का 90 प्रतिशत से अधिक उठाव कर लिया। इस प्रयास से जहां किसानों की लागत में कमी आई है, वहीं उपज की गुणवत्ता और मात्रा में भी सुधार हुआ है। नवागढ़ की सेवा सहकारी समिति प्रदेश में एक सफल उदाहरण बनकर उभरी है, जहाँ कृषि विभाग, सहकारी समिति और किसानों के सामूहिक प्रयासों से खरीफ सीजन 2025 में कृषि उन्नति की नई कहानी लिखी जा रही है।

पेज 9 के शेष

### राज्यपाल के गोद ग्राम टेमरी ...

पर हैं। जबकि धनेश्वरी बघेल व्याख्याता वाणिज्य आधे घंटे विलंब से विद्यालय पहुंची। बसंती देवांगन व्यायाम शिक्षक अवैतनिक अवकाश पर है।
**पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी के नदारद शिक्षक**: इसी प्रकार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी में प्रधान पाठक संतोष कुमार शेरा अनुपस्थित पाए गए। हेमलता राजपूत शिक्षक अनुपस्थित तथा शरद सिंह जोशी आकस्मिक अवकाश पर पाये गये। शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कपिल नारायण वर्मा भी 10 जुलाई से विद्यालय में लगातार अनुपस्थित है। इस दौरान डीईओ ने विद्यालय में तीनों स्कूल के संस्था प्रमुखों को कड़ी फटकार लगाई गई। वही सभी एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने और उनकी सर्विस बुक में भी इंद्राज किए जाने का निर्देश जारी किया । जुलाई के महीने में ही अधिकांश विद्यालयों में अभी प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में एक दर्जन से भी अधिक कर्मचारियों का अनुपस्थित रहना, इन शिक्षकों की गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य को स्पष्ट चेतावनी दिया गया कि सभी शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति समय सीमा में हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। प्रार्थना के समय में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की, स्टाफ की और बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा समय सारणी बनाकर कक्षा में अध्यापन कार्य नियमित रूप से कराई जाए।
**नियमित रूप से शिक्षक दैनिंदनी का संधारण किया जाए** : अवकाश की स्वीकृति ऑनलाइन प्रविष्टि के आधार पर की जाए एवं नियमित रूप से शिक्षक दैनिंदनी का संधारण किया जाए एवं प्राचार्य द्वारा उनका प्रतिदिन प्रशिक्षण किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि नवभारत उल्लास साक्षरता केंद्र का संचालन नियमित रूप से किया जाए। असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया जाए। 10 असाक्षरों को साक्षर बनाए जाने पर 10 अंक का बोनस छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रदान किया जाता है। इसे सभी छात्र-छात्राओं को बताया जाए। ताकि वह प्रेरित हो सके और स्वयं सेवी शिक्षक का दायित्व बखूबी ढंग से निभा सके। रेड क्रॉस एवं स्काउट गाइड में अधिक से अधिक बच्चों को सम्मिलित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्रों का अपार आईडी भी शत प्रतिशत बनाना सुनिश्चित किया जाए। यूको क्लब का तत्काल गठन करें तथा यूको क्लब के द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए गतिविधियां कराई जाए। ग्राम टेमरी में ड्रॉप आउट शाला त्यागी बच्चों का सर्वेक्षण कराया जाए। तथा शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत उन बच्चों को शालाओं में प्रवेश दिलाया जाए। भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र की प्रयोगशाला है परंतु जीव विज्ञान का प्रयोग शाला भवन उपलब्ध नहीं है। विद्यालय में लाइब्रेरी कक्षा का अभाव है जिसके कारण बच्चों को असुविधा होती है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा है कि यह ग्राम टेमरी छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका के द्वारा गोद लिया हुआ ग्राम है अतः शाला में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो उच्च कार्यालय में मांग प्रस्तुत करें।

### कामिनी महिलांग ने ...

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्टाफ बी के भुवाल सहायक ग्रेड 2, डेमीचंद यादव सहयक ग्रेड2, धन्नू लाल साहू सहायक ग्रेड 2, राजकुमार शर्मा सहायक ग्रेड 2, डेविड कौशल सहायक ग्रेड 3, सहित विकासखंड कार्यालय बेमेतरा के समस्त स्टाफ शामिल है।






## खबर संक्षेप

### ताराचंद वर्मा सरपंच संघ के अध्यक्ष बने

**बेमेतरा।** जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर ताराचंद वर्मा



निर्वाचित हुए उन्होंने अपने दो प्रतिद्वंद्वी को पराजित कर अध्यक्ष पद पर आसीन हुए पुराने जनपद भवन में सोमवार को बेमेतरा जनपद सरपंच संघ के अध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसमें तीन प्रत्याशी ताराचंद वर्मा ,राजा राम चंद्राकार एवं प्रीति यदु थे बेमेतरा जनपद क्षेत्र में 108 सरपंच है जिसमें से 102 सरपंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें से 11 मत निरस्त हो गया और शेष वोट में ताराचंद वर्मा को 57 वोट मिला वही राजा राम चंद्राकर को 30 वोट और प्रीति यादव को 4 वोट से ही संतुष्ट होना पड़ा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू उमरिया सोसायटी अध्यक्ष मोहित साहू ने नवनिर्वाचित सरपंच संघ अध्यक्ष का स्वागत किया इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न सरपंचों ने भी वर्मा को बधाई दिया बधाई देने वाले में मोहित साहू गजानन साहू सेवक वर्मा भीम सिंह वर्मा लखन कुर्रे ताराचंद पाल लेखू वर्मा अश्वनी साहू खिलेंद्री साहू संतोषी राधे साहु महावीर वर्मा सरस्वती सुखराम एवं बसंती पाल सहित अन्य लोग शामिल ।

### जैन श्री संघ का सुरेश वोरा अध्यक्ष एवं राकेश सचिव

**देवकर।** नगर देवकर जैन श्री संघ की बैठक जैन भवन गांधी चौक में



सम्पन्न हुई। उक्त बैठक तीन बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसमें जैन श्री संघ का नए पदाधिकारियों का गठन ओर जैन श्री संघ का सलाना आय व्यय का हिसाब पेश करने के साथ चातुर्मास का आय ओर व्यय हुआ । इन बिंदुओं पर चर्चा उपरांत सुरेश बोरा जैन श्री संघ का जहां अध्यक्ष चुना गया वही राकेश बोरा को संघ के सचिव बनाया गया ओर उपाध्यक्ष - मनोज रीढ़, एवं कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश चन्द बोरा को सर्वसम्मति से जिम्मेदारी सौंपी गई। जैन श्री संघ के संरक्षक के रूप में बाबूलाल बरेड, बाबूलाल सिधवीं,युगल बोरा, खेतमल गोलछा को दायित्व दिया गया। इस दौरान प्रस्ताव पारित किया गया कि जैन श्री संघ के प्रत्येक घरों से प्रति माह सौ रुपए जमा,और इसके ज्यादा भी अपनी स्वेच्छा से जमा कर सकते है,जैन भवन का हर सप्ताह साफ सफाई,मांगलिक कार्य, जन्मदिन, शादी साल गिरह,व अन्य अवसरों पर स्वेच्छा पूर्ण जैन श्री संघ को अनुदान राशि प्रदान करना रहा । बैठक में शांती पूर्ण माहौल में सभी प्रस्तावों पर सहमति बनी एवं उपस्थित लोगों ने जहां नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए वही जैन श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष छगन लाल बोरा, सचिव, राजेन्द्र बोरा थे के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी लगन से अपने कार्यकाल में जैन श्री संघ की परम्परा का निर्वाहन किया।

### प्लेसमेंट कैंप का 18 को युवकों के लिए अवसर

**बेमेतरा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा (छत्तीसगढ़) द्वारा 18 जुलाई 2025, दिन शुक्रवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 65 में आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैंप का उद्देश्य निजी क्षेत्रों में रोजगार के इच्छुक युवाओं को अवसर प्रदान करना है। इस दौरान शिवशक्ति एग्रीटैच लिमिटेड , सरकंडा बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव (सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव ) के कुल 40 पदों पर भर्ती की जाएगी। पद से संबंधित विवरण मे सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, योग्यता न्यूनतम 12वीं पास, आयु सीमा 22 से 45 वर्ष वेतनमान ₹9500 से ₹30,000 मासिक कार्य स्थल बेमेतरा जिला । जिला रोजगार कार्यालय, बेमेतरा द्वारा यह प्लेटफॉर्म नियोक्ता (निजी संस्था) एवं बेरोजगार युवाओं को एक मंच पर लाने का कार्य करता है। यह भर्ती पूर्णतः निजी संस्थान में कार्य के लिए है। इच्छुक अभ्यर्थी प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित होकर नियोक्ता या उनके प्रतिनिधि से पद, संस्था, कार्य, वेतन एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ।

---

कलेक्टर ने नवयुवाओं से लोकतंत्र में भागीदारी करने नाम पंजीयन करने कराने की अपील की

# मतदाता सूची में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के नवयुवाओं के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी का महत्व समझाते हुए प्रेरणास्पद संबोधन दिया।

कलेक्टर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, अक्सर लोग व्यवस्था में खामियों की शिकायत करते हैं, लेकिन इस व्यवस्था को बेहतर बनाने का सबसे बड़ा माध्यम हम नागरिक ही हैं। यदि हमें सही प्रतिनिधि चुनना है तो सबसे पहले हमें मतदाता बनना होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जो विद्यार्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वे जल्द से जल्द अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएँ और अन्य साथियों को भी इसके




लिए प्रेरित करें। श्री शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भूमिका अहम होती है। उन्होंने महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मतदान की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, वोटर आईडी कार्ड के लाभों की जानकारी देते हुए जागरूक किया।

### आधार कार्ड, 10वीं की अंकसूची पासपोर्ट साइज फोटो जरूरी

शिविर में भाग लेने वाले नवयुवाओं को ऑनलाइन फॉर्म-6 भरना अनिवार्य किया गया। इसके लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड, 10वीं की अंकसूची, पासपोर्ट साइज फोटो, परिवार के किसी एक सदस्य का फोटो परिचय पत्र दस्तावेज साथ लाना आवश्यक बताया गया

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों की उपस्थिति और दस्तावेजों की पूर्ति के आधार पर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कोई मतदाता न छूटे इस संकल्प को लेकर यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है ताकि प्रत्येक युवा लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी निभा सके। मास्टर ट्रेनर श्री सुनील झा ने बताया कि नामांकन की सुविधा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है। साथ ही, विशेष कैंपों के माध्यम से प्रक्रिया को आसान बनाया गया है।

### विद्यार्थियों को दिलाई गई लोकतंत्र की शपथ

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं जागरूक नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने संकल्प लिया कि वे जिम्मेदार नागरिक बनकर मतदान अवश्य करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। इस अवसर पर आयोजित शिविर में छात्रों द्वारा तैयार चित्रकला एवं रंगोली प्रदर्शनियों का कलेक्टर श्री शर्मा ने अवलोकन किया। इसके साथ ही, मतदान से संबंधित एक क्विज़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम श्री प्रकाश भारद्वाज, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को विशेष शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएँ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाए ।जिला प्रशासन का यह अभिनव प्रयास युवाओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

---

# कोटवारों ने की पेट्रोल भत्ते की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दाढ़ी तहसील के कोटवारों ने सोमवार को जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रणबीर शर्मा को ज्ञापन सौंपा। कोटवार संघ ने तहसील कार्यालय में अनावश्यक ड्यूटी लगाए जाने पर आपत्ति जताते हुए पेट्रोल भत्ता और अतिरिक्त सहयोग की मांग की।

कोटवार संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि तहसील, थाना, चौकी और नाकों में उन्हें प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ड्यूटी दी जा रही है, जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि तहसील स्तर पर कोटवारों की अनावश्यक ड्यूटी न लगाई जाए। शासन के निर्देशानुसार कोटवारों को महीने में एक बार तहसील और सप्ताह में एक बार थाना में हाजिरी देना अनिवार्य है, लेकिन वर्तमान में उन्हें लगातार ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

कोटवार संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कोटवारों को प्रतिमाह मात्र 3000 से 6000 रुपये मानदेय मिलता है, ऐसे में लगातार तहसील कार्यालय की ड्यूटी और निजी वाहनों से आवागमन के चलते उन्हें अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि तहसील कार्यालय की ड्यूटी पर लगाए जाने वाले कोटवारों को पेट्रोल भत्ता प्रदान किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण ठीक से कर सकें। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष रूप सिंह चौहान, उपाध्यक्ष मनरखना सिंह, सागर सिंह चौहान, बिष्णु मानिकपुरी, शंभू सिंह चौहान, गुनार बाड़, जेवरी कोटवार सहित अन्य कोटवार उपस्थित रहे।

---

# जलाभिषेक के लिए 4 किमी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



सावन महीने की शुरुआत होते ही लोगों में शिव भक्ति का एक बड़ा जुनून देखा जाता है। ऐसी भक्ति लोग पूरे सावन मास करते हैं शिव देवालयों में शिव भक्तों का तांता लगा होता है। इसी क्रम में आज सावन के पहले सोमवार को दुर्ग बेमेतरा मुख्य मार्ग व नगर पंचायत देवकर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सहसपुर में प्राचीन शिव मंदिर पर भक्तों की लंबी कतार लगी होती है। यह शिव मंदिर परवर्ती काल में ग्राम वासियों ने इस मंदिर में बजरंगबली हनुमान जी की प्रतिमा गर्भ गृह में स्थापित कर दिए जाने के कारण इस मंदिर का नाम बजरंगबली पड़ गया । इसमें मंडप अंतराल एवं गर्भग्रह आदि अंग है। यह मंदिर 8 स्तंभों पर आधारित है । अनुमान है कि इस मंदिर का निर्माण लगभग 13 - 14 वी शती ईस्वी के मध्य नागवंशी शासकों द्वारा कराया गया है । मंदिर की पिछली भित्ति पर वेणुगोपाल एवं सप्त अश्वरथ पर आसीन सूर्य देव की प्रतिमा है तथा ऊपरी पंक्ति में तीन मिथुन प्रतिमाएं हैं ।

दायीं भित्ति पर षड्भूजी नृत्तगणपति तथा भैरव की प्रतिमाएं दृष्यव्य है । यह मंदिर आज पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है साथ ही ग्राम पंचायत में संरक्षण के लिए समिति बनी हुई है। हरिभूमि संवाददाता ने जब मंदिर की विशेषता जानने मंदिर समिति के सदस्य कमलेश साहू से बात की तो उन्होंने बताया कि यह मंदिर 13वी 14वी शताब्दी में नागवांसी राजाओं द्वारा निर्माण कराया गया था। मंदिर का शिवलिंग जमीन से स्वता प्रकट हुए हैं जिसके कारण उन्हें स्वयंभू शिव भी कहा जाता है। कमलेश साहू ने एक ऐसी खास और आश्चर्यचकित बात बताई कि वर्षों पहले जब गांव में अकाल की स्थिति निर्मित हुई तो ग्रामीणों द्वारा मंदिर के गर्भ गृह के जल निकासी को बंद कर शिवलिंग को डुबाने का प्रयास किया गया था पर शिवलिंग नहीं डूबा जिसके बाद ही लोगों में आस्था और दोगुनी हो गई और आज रोजाना यहां हजारों लाखों शिवभक्त बाबा के दरबार में इच्छापूर्ति की कामना लेकर आते हैं।

---

# घोरहा की गुरु पूर्णिमा में भजनों की शानदार प्रस्तुति ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़




तहसील नवागढ़ के ग्राम घोरहा (संबलपुर) में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिला स्तरीय मानस महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। माँ भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ एवं माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में यह एकदिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चे गुरु का मार्गदर्शन जीवन को दिशा देता है। उन्होंने सभी मानस कलाकारों से संगठित होकर कार्य करने का आग्रह किया। जिला संरक्षक माधोराम साहू (सेवानिवृत्त तहसीलदार) ने युवाओं को मानस से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिले के चारों विकासखंडों की मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। वैदेही मानस मंडली, गोपालभैना नवागढ़; श्रीराम सेवा सत्संग समिति, पिपरभट्ठा बेमेतरा; अनुराग सरोवर मानस मंडली, बेतर साजा; आदर्श मानस मंडली, भरचट्टी बेरला; स्वर रागिनी मानस परिवार, नवागांव करंजिया; जय माँ दुर्गा मानस मंडली, कोसपातर बेरला; तथा भजनांजली मानस मंडली, घोटवानी साजा की प्रस्तुतियाँ विशेष रूप से सराही गईं।

### मंडलियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

सभी मंडलियों की प्रस्तुतियाँ मनमोहक और भावपूर्ण रहीं। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कलाकारों—राजकुमार ताम्रकार, राजेश वैष्णव, तानेश्वर साहू, नोहर दास मानिकपुरी, महेश साहू एवं नरेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से श्रीरामचरितमानस की आरती एवं विसर्जन संपन्न कराया। महोत्सव में माँ भद्रकाली मानस संघ के जिला व तहसील स्तरीय पदाधिकारी माखन साहू, ओंकार चंद्राकर, एम.डी. धीवर, बिहारी यदु, ओम यदु, गजेन्द्र वर्मा, विष्णु साहू, भीखम देवांगन, डॉ. ललित साहू, सनत साहू, चुरावन साहू, डूमन लाल साहू, जलेश्वर मानिकपुरी, धनेश साहू, कन्तिराम साहू, अदालत वर्मा, रमा साहू, रुखमनी साहू, शकुंतला साहू, लता निषाद, ममता साहू, बंशी ठाकुर, अदालत सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम घोरहा में पिछले 50 वर्षों से मानस गायन एवं रामलीला की समृद्ध परंपरा रही है, जो आज भी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को जीवित रखे हुए है। आयोजन समिति के सदस्य मनेजर धरमू राम राजपूत, ईश्वर राजपूत (कथाव्यास), पवन सिंह राजपूत, धनसाय राजपूत, खेमलाल विश्वकर्मा, सतानंद राजपूत, रामस्वरूप राजपूत, भिखा राम राजपूत एवं समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

धान के सुरक्षित भंडारण का दिए निर्देश

# कलेक्टर ने किया सरदा धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण

**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने विकासखंड बेरला अंतर्गत सरदा स्थित धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में संग्रहित धान की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को बारिश के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के कारण धान की गुणवत्ता प्रभावित न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खुले में रखे धान को तिरपाल आदि से पूरी तरह ढंककर रखा जाए, जिससे उसे गीला होने या सड़ने से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त संग्रहण केंद्र में पानी की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, धान के बोरे ठीक ढंग से जमाने और नियमित निरीक्षण करने की भी हिदायत दी गई।



कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का प्रतिफल तभी मिलेगा जब उनकी उपज को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संग्रहित किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, गोदाम प्रभारी तथा स्थानीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कर्मचारियों को सजगता और ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। जिले में धान संग्रहण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर और सजग है। इस दौरान एडीएम अनिल वाजपेयी सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे ।

---

# सेवा सहकारी समिति राखी में किया गया पौधारोपण

**देवकर।** ग्राम पंचायत राखी स्थित सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया इस दौरान सरपंच भीषम साहू ने कहा कि पौधा तो हर लोग लगा सकते है। लेकिन उसका देखभाल करना जरूरी है। क्योंकि की हम लोग अपने बच्चों का देखभाल बचपन से करते हैं। इसी तरह एक पालक के तौर पर हमें इन पौधों का भी ख्याल रखना चाहिए।क्योंकि हमारे जीवन में हवा लेने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत राखी सरपंच भीषम साहू सहित उपसरंपच अर्जुन भारती ,अध्यक्ष सहकारी समिति देवकर बुधारू साहू, लक्ष्मी साहू,पंच मनी राम साहू , रोहित यादव,मिलाप राम साहू, आनंद गुप्ता,बंसत सतनामी, जीतु भारती, रमेश वर्मा,अमन पांडेय, दाऊराम गुप्ता, गोलू यादव, खेलावन दास, अर्जुन गोड़, पुनीत ढीमर, शत्रुघ्न यादव,उल्लास मानिकपुरी, और ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।



---

# देवांगनपारा शिवालय की प्राण प्रतिष्ठा दीवन पहुंचे

**नवागढ़।** देवांगन पारा स्थित नवनिर्मित शिवालय में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर समिति एवं नगरवासियों ने उन्हें श्रीफल, शाल और पुष्पमाला अर्पित कर भव्य स्वागत किया।



पूजन पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दीवान ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संस्कृति और मूल्यों का केंद्र होता है। शिव जैसे लोककल्याणकारी देवता का यह धाम निश्चित ही पूरे पारा और नगरवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बनेगा। हम सबका दायित्व है कि ऐसे धार्मिक स्थलों को सिर्फ स्थापत्य नहीं, बल्कि सतत सक्रिय साधना केंद्र बनाएँ। हम हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। उन्होंने मंदिर समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगरवासियों ने आपसी सहयोग से यह कार्य कर मिसाल पेश की है। यह मंदिर क्षेत्र में धार्मिक चेतना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा की विधि पूर्ण की गई। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्यों, युवाओं एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सुलोचना देवांगन, कुमारी देवांगन, उर्वशी देवांगन, कीर्ति यादव, लता देवांगन, सीता योगी, निर्मला देवांगन, इंदु कुम्भकार, किरण देवांगन, ललिता देवांगन, तनु दीवान, नंदकुमार देवांगन, तिहारी देवांगन, महादेव देवांगन, शत्रुहन यादव सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

---

नाम, फोटो, पता आदि में सुधार के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया

# बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को दायित्वों की प्रशिक्षण में दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत के सभाकक्ष में बूथ लेवल के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षक एवं संबंधित निर्वाचन स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, पर्यवेक्षकों एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़े उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करना अत्यावश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान



उपस्थित अधिकारियों को फॉर्म-6 (नवीन मतदाता पंजीयन), फॉर्म-7 (नाम विलोपन/आपत्ति) एवं फॉर्म-8 (नाम, फोटो, पता आदि में सुधार) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर के माध्यम से बीएलओ एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए फार्म भरने की विधि प्रदर्शित की गई। पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से एप में कार्य करने की चरणबद्ध प्रक्रिया समझाई गई, जिससे उपस्थित बीएलओ और पर्यवेक्षक तकनीकी रूप से दक्ष हो सकें।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवीन मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में जोड़ना रहा। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि जो भी योग्य नागरिक अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाए हैं, उनसे संपर्क कर उनका नाम पंजीकृत कराया जाए। अंत में अधिकारियों ने सभी बीएलओ से आग्रह किया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें और मतदाता सूची को सटीक एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय सहयोग दें। यह प्रशिक्षण आगामी चुनाव प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

